भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
# MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 01.04.2024

**वित्तीय वर्ष 2023–24 में आरेडिका ने 1684 कोच बनाकर तोड़ा पिछले वर्ष का रिकॉर्ड**

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 1684 कोचों का उत्पादन कर वित्तीय वर्ष 2023–24 में रेलवे बोर्ड के द्वारा दिए गए लक्ष्य को प्राप्त किया है। इन 1684 कोचों में विभिन्न प्रकार के कोच हैं जिसमें पहली बार निर्मित मेमू के 8 कोच, वातानुकूलित 3टीयर के 240 कोच, 2टीयर के 202 कोच, 3टीयर इकोनोमिक के 271 कोच, दीनदयालु के 332 कोच, पार्सलवैन, तेजस के 58 कोच, एसी चेअरकार, स्लीपर के 341 कोच, भारत गौरव आदि कोचों का निर्माण किया गया है, निर्मित कोचों में 953 एसी कोच तथा 731 नॉन एसी कोच है। कुल उत्पादित कोचों में से 57 प्रतिशत वातानुकूलित कोच हैं, जो निर्माण कार्य की दक्षता और गुणवत्ता को दर्शाता है। निर्माण कार्य के अंतर्गत प्रत्येक स्तर पर कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता को बनाए रखने में आरेडिका के विभिन्न विभागों का सामंजस्य रहा है।

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान आरेडिका ने दीनदयालु के 332 कोचों का निर्माण किया है जो पिछले वर्ष 2022–23 में बने 46 कोच से लगभग 6 गुना से अधिक है, स्लीपर के 341 कोचों का निर्माण किया है जो पिछले वर्ष में बने 190 कोच से 1.5 गुना से अधिक है तथा तेजस के 58 कोचों का निर्माण किया है जो पिछले वर्ष में बने 30 कोच से 2 गुना है।

पहली बार आरेडिका में इस वर्ष अपने उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि कर एक नये चरण में प्रवेश किया। जिसमें 3–फेज मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (मेमू) का निर्माण कर उत्तर पूर्वी रेलवे के लिए भेजा गया इसमें जीपीएस एवं ऊर्जा दक्ष एलईडी वाले 6 टीसी एवं 2 डीएमसी कोच सहित कुल 8 कोच लगे हैं। 3–फेज मेमू में अत्याधुनिक मल्टीफंक्शन व्हीकल बस (एमवीबी) आधारित ट्रेन कंट्रोल मैनेजमेंट सिस्टम (टीसीएमएस) है जो उन्नत नियंत्रण सुविधाएँ प्रदान करता है, यह 3–फेज मेमू ट्रेन 110 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति के लिए डिजाइन की गई है। टीसी कोचों में 84 यात्रियों के बैठने तथा 241 यात्रियों के खड़े होने एवं डीएमसी कोचों में 55 यात्रियों के बैठने तथा 171 यात्रियों के खड़े होने की व्यवस्था की गयी है

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान आरेडिका ने भारतीय रेल के साथ–साथ मोजाम्बिक रेलवे के लिए भी 11 कोचों का उत्पादन करके अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपने कदम को आगे बढ़ाया है। इन निर्माण कार्यों के कारण आरेडिका की कीर्ति विश्व पटल पर स्थापित हुई है।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि उत्पादन का यह लक्ष्य आरेडिका के सभी प्रधान मुख्य विभागाध्यक्षों के नेतृत्व और टीम एमसीएफ के कोच उत्पादन के प्रति समर्पण की भावना से संभव हुआ है। इस वर्ष का उत्पादन पिछले वित्तीय वर्ष के उत्पादन 1461 से लगभग 15 प्रतिशत अधिक है।

इस अवसर पर श्री मिश्रा ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियनों के प्रतिनिधियों, एवं संविदा कर्मचारियों को बधाई दी और आगे भी इसी तरह से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। आरेडिका में मेमू वन्देभारत ट्रेन सेट्स के उत्पादन का कार्य प्रगति पर है।

अनिल श्रीवास्तव 01/04/2024

(अनिल कुमार श्रीवास्तव )

जन संपर्क अधिकारी